NBT
नवभारत टाइम्स

# नकली एलईडी टीवी बनाने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 84 नकली एलईडी टीवी बरामद किए जिन पर सैमसंग और सोनी टीवी के फर्जी लोगो लगे थे।

डिसक्लेमर: यह आर्टिकल एजेंसी फीड से ऑटो-अपलोड हुआ है। इसे नवभारतटाइम्स.कॉम की टीम ने एडिट नहीं किया है।

Updated: 02 Nov 2019, 07:54:00 PM IST



**नोएडा**

विदेशी कंपनियों का स्टीकर लगाकर नकली एलईडी टीवी बनाने वाले एक गिरोह चार सदस्यों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर उनके पास से 84 एलईडी टीवी और नकली स्टीकर आदि बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सुबह एक सूचना के आधार पर गौरव, प्रेम किशोर, बृजेश कुमार और मोहित नामक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान इन लोगों ने बताया कि वे चीन से एलईडी टीवी के कलपुर्जे मंगवा कर उन्हें नोएडा में असेंबल करते थे और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के स्टीकर लगाकर नकली एलईडी टीवी को ऊंचे दाम पर बेचते थे।

अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 84 नकली एलईडी टीवी बरामद किए जिन पर सैमसंग और सोनी टीवी के फर्जी लोगो लगे थे। सिंह ने बताया कि ये लोग हरि ओम इलेक्ट्रॉनिक्स के नाम से सेक्टर 10 में एक कंपनी चलाते हैं जहां नकली एलईडी टीवी बनाए जाते हैं। एसपी ने बताया कि गिरोह में और भी लोग शामिल हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/noida/four-members-of-gangs-producing-fake-led-tvs-arrested/articleshow/71864683.cms